# नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, सुलतानपुर।

## नीलामी की सूचना

**दिनांक 23.01.2026** नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, सुलतानपुर द्वारा न्यायिक आवास संख्या जे–7 एवं जे–8 को विधि अनुसार गिराये जाने हेतु नीलामी होनी है। उक्त दोनो न्यायिक आवासों की न्यूनतम नीलामी राशि रू0 15,00,000/– निर्धारित की गयी है, जिसके अनुसार सार्वजनिक नीलामी करायी जायेगी। इसी धनराशि या इससे अधिक की धनराशि की खुली बोली/निविदा, नीलामी हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक बोलीकर्ता/निविदादाता दिनांक 06.02.2026 को सायं 3.00 बजे तक उपस्थित होकर खुली निविदा/बोली में प्रतिवाद कर सकते हैं। किसी भी बोली को स्वीकृत करने या अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को होगा।

उच्चतम निविदाकर्ता/बोलीकर्ता अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि को कुल नीलामी धनराशि की 25 प्रतिशत धनराशि उसी दिन जमा करनी होगी, शेष 75 प्रतिशत धनराशि 15 दिन के अन्दर जमा करने के पश्चात नीलामशुदा आवासों से निकला हुआ सामान व मलवा आदि को अपने व्यय पर ले जाने की अनुमति होगी। यदि नियत समय में सम्पूर्ण धनराशि जमा नहीं की जाती तो पूर्व में जमा धनराशि राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर निविदाकर्ता/बोलीकर्ता के समस्त अधिकार समाप्त समझे जायेंगें। उपरोक्त जमा की जाने वाली धनराशि नकद जमा की जायेगी, किसी प्रकार की चेक/ड्राफ्ट ग्रहण नही किया जायेगा।

नीलामी हेतु न्यायिक आवास संख्या जे–7 एवं जे–8 को किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 12.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक जनपद न्यायालय में नजारत अनुभाग से सम्पर्क कर देखा जा सकता है। न्यायिक आवास संख्या जे–7 एवं जे–8 की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 06.02.2026 को सायं 4.30 बजे करायी जायेगी। नीलामी की सूचना जनपद न्यायालय, सुलतानपुर की बेबसाइट (http://districts.ecourts.gov.in/sultanpur) तथा माननीय उच्च न्यायालय की बेवसाइट (http://www.allahabadhighcourt.in) पर देखी जा सकती है।

सूचना जनपद न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाय।

(संध्या चौधरी)
अपर जिला जज,
कोर्ट नं0–1, सुलतानपुर।
**अध्यक्ष, नीलामी समिति**

**प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ प्रेषितः–**

1. नाजिर सदर, कलेक्ट्रेट सुलतानपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु
2. अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु
3. अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका, सुलतानपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु
4. अधिशासी अधिकारी, जिला पंचायत सुलतानपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु
5. मुख्य विकास अधिकारी,विकास भवन, सुलतानपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु
6. जिला सूचना अधिकारी, सुलतानपुर को समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु
7. नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय सुलतानपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु
8. नोडल अधिकारी, केन्द्रीय कम्प्यूटर कक्ष जनपद न्यायालय, सुलतानपुर को बेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

(संध्या चौधरी)
अपर जिला जज,
कोर्ट नं0–1, सुलतानपुर।
**अध्यक्ष, नीलामी समिति**